हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

12 गर्मी से राहत पाने मध्यम परिवार के लिए...



11 केंद्रीय गृहमंत्री के बयान का विरोध, ...





# दिनभर तपिश के बाद शाम को बदला मौसम धूल भरी आंधी के बाद हुई हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में गुरुवार को भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। दोपहर के समय शहर का तापमान लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह से ही आसमान से आग बरसती रही और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया।

बाजारों में दोपहर के समय आम दिनों की तुलना में काफी कम चहल-पहल दिखाई दी। दिनभर की झुलसा देने वाली गर्मी के बाद शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ धूलभरी आंधी चली और इसके बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से हल्की बारिश के बाद उमस बढ़ने से लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा।

### बलौदाबाजार में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में जिले के मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार शुक्रवार के लिए बलौदाबाजार जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शनिवार और इसके बाद के दिनों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग ने तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार नौतपा के दौरान प्रदेश में अत्यधिक गर्मी के बीच पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमीय प्रभावों के कारण अचानक मौसम परिवर्तन की स्थिति बन रही है।



## खबर संक्षेप



### नए सत्र से पहले संवर रहा सरकारी स्कूल

**खरोरा।** नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित वातावरण देने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया को नए सत्र के पूर्व दुरुस्त किया जा रहा है, जहां कक्षा-कक्षों की साफ-सफाई, सजावट और रंग-रोगन के साथ-साथ टॉयलेट की विशेष मरम्मत का कार्य जोरों पर है, ताकि स्कूल खुलने पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और बच्चों को स्वच्छता के साथ नया व आकर्षक कलेवर मिल सके। प्रधानपाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन के विशेष प्रयासों और सहयोग से यह कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर व स्वच्छ शैक्षणिक माहौल में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

### अनुदान पर मूंग बीज का वितरण



**पलारी।** कृषि विभाग ने गुरुवार को हरी खाद डेंचा एवं मूंग बीज 50 प्रतिशत अनुदान में कृषकों को वितरण किया गया। इस अवसर पर सनकुमार साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम बिनौरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलारी एन तारम, कृषि विकास अधिकारी सुचिन वर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी साहू और कृषक गण उपस्थित थे। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि यह हरी खाद किसानों के लिए यूरिया की बचत करता है और फसल को प्रकृतिक रूप से नाइट्रोजन उपलब्ध कराता है और जमीन को उपजाऊ बनाता है। सभी रोपा रखने वाले किसान भाईयो के लिए यह बहुत उपयोगी है, जो कि कृषि विभाग पलारी द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान में पलारी क्षेत्र के सभी किसानों दिया जा रहा है।

### पशुओं के लिए बांटे टैबलर्स और पानी कंटेनर


**रायपुर।** राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया (आरटी 312 से एलसी 180) द्वारा पशुओं के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक शानदार पहल की गई। इस अभियान के अंतर्गत 103 से अधिक टैबलर्स एवं समाज के कई अन्य लोगों को पानी के कंटेनर वितरित किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में पशुओं को पानी उपलब्ध कराया जा सकें। इस सार्थक पहल ने न केवल समाज में सकारात्मक प्रभाव डाला, बल्कि सेवा कार्य के माध्यम से आरटीआई की जागरूकता और प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अनदेखी : तीन किमी तक ठेले-गोमचे की भरमार

# अतिक्रमण की चपेट में आई शहर की मुख्य सड़क, आए दिन लग रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के मुख्य मार्ग की करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह ठेले, खुमचे और अस्थायी दुकानें लगी हुई हैं। फुटपाथ पूरी तरह अवैध कब्जे में हैं। अतिक्रमण का असर शहर की सुंदरता पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बेसिक स्कूल और सीएमओ कार्यालय की दीवारों पर लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सौंदर्यीकरण और कलात्मक चित्र अब ठेलों और अवैध दुकानों के पीछे छिप गए हैं। नगरपालिका अधिकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि मुख्य मार्ग और फुटपाथों पर अवैध कब्जा हटाने के लिए जल्द विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण लगातार यातायात प्रभावित हो रहा है और आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।









### सड़क किनारे दुकान लगाने पर विवाद

शहर में वर्षों से पसरे अतिक्रमण की समस्या बुधवार को उस वक्त खुलकर सामने आ गई जब मुख्य मार्ग पर ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गयी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### आधे घंटे तक लगा जाम

जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य मार्ग पर जोधपुर आइसक्रीम रेड़ी संचालकों के बीच जगह घेरने और सड़क किनारे ठेला लगाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों को चोटें आईं, किसी का सिर फूट गया तो किसी के कपड़े तक फट गए। घटना के चलते शहर के व्यस्त मार्ग पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ के कारण स्थिति और बिगड़ गई।

### अवैध वसूली के आरोपों से बढ़ा विवाद

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क किनारे अस्थायी दुकानों और ठेलों की भरमार के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है। शाम होते ही फुटपाथ और सड़क का बड़ा हिस्सा कब्जे में चला जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर शांत कराया। पुलिस ने संबंधित ठेलों को हटाकर दोनों पक्षों को थाने ले गई, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि, फुटपाथों पर कब्जा जमाने वाले ठेला संचालकों से प्रतिदिन एक ठेले के एवज में करीब 500 से 1000 रुपये तक वसूले जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि यह राशि सरकारी खजाने में जमा होने के बजाय उन निजी मकान मालिकों की जेब में चली जाती है, जिनके घरों के सामने फुटपाथ स्थित हैं। यानी सरकारी जमीन और फुटपाथों पर कब्जे का आर्थिक फायदा निजी लोग उठा रहे हैं, जबकि आम जनता जाम और अव्यवस्था की मार झेल रही है।

# लूट के आरोप में अपचारी बालक सहित 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





बलोदाबाजार जिले के पुलिस चौकी गिरौदपुरी ने मोबाइल और नगदी लूटने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी और उसके साथ शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक अपचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 3 मोबाइल जिसमें एक एप्पल आईफोन और नगदी रकम तथा वारदात में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार ग्राम केरा निवासी प्रार्थी रामनारायण धीवर ने 27 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी 26 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने ग्राम मडवा आया था। रात लगभग 10 बजे जब वह अपने एक साथी के साथ मडवा मेन रोड की तरफ से पानी का पाउच ▶▶ शेष पेज 11 पर

- 3 मोबाइल, चाकू और बाइक सहित नकदी जब्त, आरोपी जेल दाखिल

### चाकू दिखाकर लूट की वारदात कबूली

पुलिस ने प्रार्थी और उसके दोस्त से आरोपियों के हुलिए तथा लाल पल्सर बाइक के संबंध में सुराग जुटाए। मुखबिरों और तकनीकी इनपुट की मदद से घेराबंदी कर पुलिस ने संदेही आजाद सिंह और अपचारी बालक को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने रात के अंधेरे में चाकू दिखाकर मारपीट करने और लूट की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया।

### राहगीरों को बनाते थे निशाना

पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी आजाद सिंह कंवर 19 वर्ष निवासी मड़वा, पुलिस चौकी गिरौदपुरी और विधि से संघर्षरत एक अपचारी बालक ने स्वीकार किया कि वे इस इलाके में राहगीरों को निशाना बनाते थे। उन्होंने ठीक इसी तरह की एक और वारदात टुण्डरा से नरधा जाने वाले मार्ग पर भी अंजाम दी थी, जहां एक अन्य व्यक्ति को चाकू का डर दिखाकर उसका मोबाइल लूटा गया था। पुलिस ने आरोपियों से लूट के 3 मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त 2 धारदार चाकू, लाल रंग की पल्सर बाइक क्रमांक- सीजी 04 एनजी 6130 को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 309(4) डकैती, लूट एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

# शहर में चोरों की आहट, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



रायपुर जिले के नगर पंचायत खरोरा में इन दोनों चोरी की घटनाएं काफी हद तक बढ़ी हुई है। इस स्थिति को देखते हुए खरोरा थाने में सराफा व्यवसायों ने रात में गस्त बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही बुधवार की रात में कुछ अज्ञात व्यक्तियों को रेकी करते हुए सीसी टीवी के माध्यम से देखा गया, जिससे व्यापारियों में कोई बड़ी घटना की आशंका देखी जा रही है और सराफा व्यवसायों में डर का माहोल है।

- सराफा व्यापारियों ने थाने में सौंपा ज्ञापन

इससे कुछ दिनों पहले ही पूर्व में सराफा व्यवसाई के साथ लुट की घटना घटित हुई है, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस कारण नगर के व्यवसायियों में एक डर देखा जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को खरोरा नगर के सराफा व्यासाइयों ने थाना पहुंचकर प्रभारी केके कुशवाहा को एक लिखित में शिकायत आवेदन देकर रात्रि में ग्रस्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना दोबारा ना हो। आवेदन देने में सराफा एसोसिएशन खरोरा के व्यवसाइयों में मां ▶▶ शेष पेज 11 पर

# नगर पंचायत का उपाध्याय चौक अतिक्रमण मुक्त, कार्रवाई से यातायात होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत खरोरा ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और मुख्य चौक-चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने ठोस पहल की है। प्रशासन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर लगने वाले सभी ठेले, फल दुकानों और चौपाटी व्यवसायियों को तत्काल हटने का निर्देश जारी कर दिया है। आज की तिथि के बाद इस चौक पर किसी भी प्रकार ▶▶ शेष पेज 11 पर





### नगर पंचायत का विकास पहली प्राथमिकता : सोनी

हम सुनियोजित तरीके से खरोरा नगर का विकास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य किसी भी छोटे व्यवसायी के रोजगार को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि उन्हें व्यापार करने के लिए उचित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना है।

### साफ-सुथरा नजर आएगी शहर की सड़क

मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कहा-पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक नगर का हृदय स्थल है, लेकिन ठेलों और दुकानों के अनियंत्रित ढंग से खड़े होने के कारण यहां अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती थी। राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस नई व्यवस्था से मुख्य चौक पर यातायात पूरी तरह सुगम हो जाएगा, जाम की समस्या खत्म होगी और चौक पूरी तरह साफ-सुथरा नजर आएगा।

## बिना अनुमति के बल्क में बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई

# कृषि कार्य के लिए किसानों को मिलेगा आवश्यकतानुसार डीजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी खरीफ सीजन में खेती-किसानी के कार्य हेतु ट्रैक्टर एवं पम्प के लिये आवश्यकता अनुसार पेट्रोल पम्प से डीजल प्रदाय किया जाएगा। पम्प के लिये डीजल जरिकेन में लेने पर किसान को केसीसी कार्ड या किसान किताब पेट्रोल पम्प में दिखाना होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों के साथ ही जिले में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की आपूर्ति व वितरण की समीक्षा की।

कलेक्टर ने डीजल- पेट्रोल एवं रसोई गैस के अवैध भंडारण, जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारियो को लगातर जांच व निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क केन्द्र के मोबाइल नंबर या कंट्रोल रुम नंबर के रूप में 24 घण्टे संचलित करने के निर्देश दिये ताकि आमजन किसी प्रकार की शिकायत य सूचना दें सकें।





कलेक्टर शर्मा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 से 9 माह एवं 3 से 6 माह तक लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण कराएं। इसी तरह त्रुटि सुधार के लगभग 4 हजार आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायत एवं मांग के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता निशा नेताम मडावी, एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश चंद्र कोरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों व आवश्यक सेवाओं के लिए डीजल आपूर्ति जारी रहेगी

कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदारो को स्पष्ट निर्देशित किया कि कृषि, अस्पताल, मोबाइल टावर, शासकीय निर्माण कार्य में लगे मशीनरी, मुर्गी फार्म के जनरेटर आदि के लिये पेट्रोल पम्प द्वारा डीजल आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाए। जरिकेन में डीजल तभी दिया जाए जब किसान केसीसी कार्ड य किसान किताब लेकर आएं। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिये किसानों को अपने विकासखण्ड अंतर्गत स्थित पेट्रोल पम्प से ही डीजल दिया जाए। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट वाले भारी वाहनों को भी डीजल देने में कोई प्रतिबंध नहीं है।



## खबर संक्षेप



### फुंडहर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा प्रशासन ने कराया मुक्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में शिकायत आने के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन-9 अंतर्गत फुंडहर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर किए गए कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कराया।

### बीजापुर डीएफओ हटाए गए

**रायपुर।** इटपाल के तेंदूपत्ता गोदाम में लगी आग को बड़ी लापरवाही मानते हुए राज्य शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। बीजापुर के वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) रमेश कुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है। वन एवं प्रबंधन का कार्य देखने के लिए जाधव सागर रामचंद्र को बीजापुर का नया डीएफओ नियुक्त किया है।

### हाईवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को लिखे पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हमारी समिति ने आपको हेलमेट अनिवार्य करने के संबंध में कई पत्र लिखे, जिसके जवाब में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को एक पत्र रायपुर के सभी समाचार पत्रों को जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आदेश के अनुसार मोटर साइकिल चालक व पीछे बैठे सवार दोनों के लिए हेलमेंट अनिवार्य किया गया है तथा इस संबंध में मोटर यान अधिनियम 1988 में आवश्यक प्रावधान किए गए है, इस प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मोटर साइकिल चालाने पर इस अधिनियम की धारा 194 (घ) के तहत अर्थदंड से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

### कांग्रेस का आरोप- जनगणना के आंकड़े बदलवा कर छवि सुधारने की कोशिश कर रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे



शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। किसी घर में यदि उज्जवला गैस का कनेक्शन है, लेकिन गैस नहीं भरवा पाने के कारण उनके यहां खाना चूल्हे पर बन रहा है, किसी ने अपने यहां शौचालय नहीं होने की बात लिखवाई है, तो कोई झोपड़ी में रहता है तथा वह सर्वे सूची में पात्र है, उसे प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है, तो उसने वही लिखवाया है। इन आंकड़ों को जनगणना कार्य में लगे उच्चाधिकारी बदलवा रहे हैं।

# मालखाना की अब होगी ई-ट्रैकिंग, कोतवाली में राज्य का पहला ई-मालखाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पुलिस के मालखाना में रखे धूल खा रहे सामान की तलाश करने पुलिस को मशक्कत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मालखाना में रखे समान की जानकारी पुलिस को अब एक क्लिक पर मिलेगी। इसके लिए नारायणपुर के एसपी रॉबिन्सन गुरिया द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर से राज्य पुलिस के साथ पुलिस कमिश्नरेट के कोतवाली थाना का मालखाना ऐसा पहला मालखाना बना है, जिसे पुलिस ने ई-मालखाना में कन्वर्ट किया है। ई-मालखाना का उद्घाटन एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले ने बुधघवार को किया।

उद्घाटन के बाद ई-मालखाना की कार्यप्रणाली का विस्तृत डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें जप्त सामग्री के डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवाइज संधारण तथा रिकॉर्ड ट्रैकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। डेमो के दौरान डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश प्रसाद गुप्ता , डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर, एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित रहकर प्रणाली का अवलोकन एवं समीक्षा की। ई-मालखाना प्रणाली लागू करने से पूर्व थाना में उपलब्ध समस्त जप्त माल का विस्तृत भौतिक सत्यापन कराया गया। इसके बाद मालखाने का रैकवाइज वैज्ञानिक संधारण करते हुए ए-1, ए-2, बी-1, बी-2 आदि श्रेणियों में व्यवस्थित वर्गीकरण किया गया, ताकि प्रत्येक सामग्री का रिकॉर्ड एवं उसकी लोकेशन आसानी से चिन्हित की जा सके।

### जब्त सामान की पहचान के साथ ट्रैकिंग बारकोड से

माल खाना में जब्त सामान की पहचान के साथ ट्रैकिंग बारकोड से होगी। जैसे पुलिस ने कोई माल जब्त किया है, उस माल की जब्ती तारीख से लेकर किस पुलिस अधिकारी या कर्मी ने जब्त किया है,



उस पुलिस अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर सहित दर्ज होगा। इसके साथ ही जब्त माल की फोटो अपलोड की जाएगी। अगर कोई माल फोरेंसिंक जांच के लिए या कोर्ट में पेश किया जाएगा, उसमें माल ले जाने वाले पुलिसकर्मी का नाम और कब ले गया है, इन सबका डिजिटल विवरण रहेगा। इससे मालखाना में रखे सामान की मिसिंग नहीं होगी।

### ई-मालखाना का ऐसा आया विचार

ई-मालखाना का सॉफ्टवेयर तैयार करने वाले आईपीएस अधिकारी रॉबिन्सन गुरिया के अनुसार जब वे अंबिकापुर, लखनपुर थाना के प्रभारी थे, एक हत्या के प्रकरण में कोर्ट में चाकू पेश करना था। मालखाना में रखे चाकू को ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पुलिस अफसर को लगा कि मालखाना में रखे सामान की आसानी से पहचान हो सके, इसके लिए उन्होंने एक साफ्टवेयर तैयार किया। पुलिस अफसर के साफ्टवेयर को उनके कई बैचमेंट जो अब महाराष्ट्र, बिहार में पदस्थ हैं, प्रभावित होकर अपने यहां भी ले गए हैं।

### आरोप से मुक्ति मिलने के साथ आरोपी को सजा दिलाने में मिलेगी मदद

उदाहरण के लिए किसी प्रकरण में पुलिस गाड़ी जब्त करती है, इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस गाड़ी को रिलीज करती है, तब गाड़ी मालिक पुलिस पर गाड़ी का टायर निकालने के साथ कई प्रकार के माल चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हैं। अब पुलिस कोई गाड़ी जब्ती करेगी, उस गाड़ी की चार एंगल से फोटो लेगी। इसके बाद गाड़ी में बारकोड चिपकाकर फोटो सहित पूरी डिटेल साफ्टवेयर में अपलोड कर रखेगी। इसी तरह कोर्ट में बचाव पक्ष का वकील पुलिस द्वारा पेश चाकू या किसी हथियार आरोपी का नहीं होने की बात कहता है, इस स्थिति में पुलिस कोर्ट को जब्त हथियार की पूरी जानकारी एक क्लिक के माध्यम से दे सकती है।

### पूरे पुलिस कमिश्नरेट में लागू किया जाएगा

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के सभी तीनों जोन के थानों के मालखाना को ई-मालखाना में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए सभी जोन के एक-एक थाने का चयन कर ई-मालखाना में तब्दील किया जाएगा।

बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

# संगीता ने कहा- प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने महिला कांग्रेस की रहेगी अग्रणी भूमिका

प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष ने ली बैठक




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने रायपुर शहर एवं ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त संगठनात्मक बैठक ली। महिला कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान चलाने एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक संगीता सिन्हा ने कहा, महिला कांग्रेस संगठन पार्टी की मजबूत शक्ति है। हमें पूरे जिले में व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ना है। जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है, वहां आने वाले समय में नई नियुक्तियां कर संगठन को और सक्रिय बनाया जाएगा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों एवं कुशासन को जन-जन तक पहुंचाकर प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने की दिशा में महिला कांग्रेस को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, महिलाओं की भागीदारी के बिना मजबूत संगठन की कल्पना नहीं की जा सकती और कांग्रेस सदैव महिलाओं को नेतृत्व देने में विश्वास करती रही है।

### महिला कांग्रेस संगठन पार्टी की रीढ़

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, महिला कांग्रेस संगठन पार्टी की रीढ़ है। महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, ग्रामीण क्षेत्र में महिला कांग्रेस की मजबूती संगठन को नई ताकत प्रदान करेगी। कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने एवं आम जनता की आवाज उठाने में महिला कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आने वाले समय में संगठनात्मक विस्तार एवं सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दी जाएगी।

### महिलाओं की सक्रिय भागीदारी : विकास

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा एवं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने का मार्ग मजबूत होगा।

### ये थे मौजूद

बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शकून डहरिया, महिला कांग्रेस रायपुर शहर अध्यक्ष ममता राय, महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष केसरी मोहन साहू, पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक धरसींवा अनीता शर्मा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव प्रीति उपाध्याय, पीसीसी के सचिव प्रवीण साहू, प्रगतिवाद वाजपेयी, डॉ. करुणा कुर्रे सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में लागू होगी 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की नवीन 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में बुधवार को न्यू सर्किट हाउस में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की। इसमें छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड तथा प्रदेशभर के राइस मिलर्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा, भारत सरकार आगामी खरीफ वर्ष में 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य के राईस मिलों को इसके लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवश्यक होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिलर्स द्वारा दिए गए




सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाएंगे।

### चावल ब्रोकन का निर्धारित मानक तय

कार्यशाला में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से लागू की जाने वाली 'इम्प्रूव्ड राईस स्कीम' के विभिन्न प्रावधानों, गुणवत्ता मानकों, भंडारण व्यवस्था, अनुबंध प्रक्रिया, लागत एवं क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से 10 प्रतिशत अरवा ब्रोकन चावल एवं 5 प्रतिशत उसना ब्रोकन चावल के निर्धारित मानकों की जानकारी दी।

## मांढर समिति में तालाबंदी कर किसानों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** राज्य में खरीफ फसल के पहले खाद की आपूर्ति में भारी कटौती यूरिया 80% व डीएपी 60% और नई वितरण नीति का किसान विरोध कर रहे हैं। बुधवार को मांढर समिति में बरबन्दा, टोर, गिधौरी, नेउरडीह, मांडर के किसानों ने खाद पूर्व वर्ष की भांति वितरित करने की मांग की। समिति प्रभारी द्वारा असमर्थता जाहिर करने पर आक्रोशित किसानों ने कर्मचारियों को बाहर करके, तालाबंदी की और प्रदर्शन किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि पूर्व वर्ष की भांति खाद वितरण करने



का आदेश सरकार करे। निजी खाद दुकानदारों को नियंत्रित कर सरकारी दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए, किसानों को पेट्रोल पंपों से डीजल जेरिकेन एवं ड्रम में उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसान अपने खेत की तैयारी अच्छे से कर सकें।

**ये रहे उपस्थित :** प्रदर्शन करने वालों में किसान दशरथ वर्मा, बरबदा सरपंच वासुदेव वर्मा, अगत वर्मा, सुखेन्द्र वर्मा, जय प्रकाश देवांगन, राम कुमार साहू, कृष्णानंद, राजकुमार, गोपी राम, गौदु राम साहू, लीलाधर धीवर, शैलेंद्र कुमार, रोहित रात्रे, मेहरू रात्रे, विश्राम वर्मा, तरुण कुमार साहू, देवकुमार सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महादेव घाट एनीकट में डूबने से युवक की मौत, जांच कराने पिता ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महादेवघाट एनीकट में डूबने से 19 वर्षीय युवक रोशन नाडार की मौत के बाद पिता ने कई बिंदुओं पर जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय के लिए गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि रोशन की डूबने से मौत होना बताया जा रहा है, जबकि उसे तैरना आता था। उसके साथी यशवंत साहू द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उसने पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के अचानक दबिश से डर के कारण एनीकट में छलांग लगाई। उसे डूबते हुए देखने के बाद भी त्वरित बचाव नहीं करने से मौत हुई।

राजधानी के महादेव घाट एनीकट में हुई घटना को लेकर मृतक के पिता अजीत नाडार ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने बताया कि घटना दिनांक को मेरा बेटा



अपने दोस्त यशवंत के साथ एनीकट घूमने के लिए गया था। वहां अचानक पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की दबिश के कारण वह डर गया और एनीकट में कूद गया। मौके पर उसे डूबते हुए देखने के बाद पुलिस पार्टी लौट गई। मेरे बेटे के दोस्त यशवंत को तैरना नहीं आता, इसलिए उसने लोगों की मदद से उसे बाहर निकलवाने के बाद उसे लेकर रायपुरा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी बात सुनने के बाद अस्पताल से डीडी नगर पुलिस को सूचित किया गया, तब पुलिस ने आकर यशवंत साहू से पूछताछ की।

## जोन कमिश्नर हुए पावरफुल, आयुक्त ने सौंपे वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार

### खर्च की सीमा भी बढ़ाई

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने जोन कमिश्नरों के अधिकार और खर्च की सीमा को बढ़ाया है। नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 69-4 में प्रदत्त शक्तियों के अधीन यह किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब 20 लाख रुपए तक के सभी कार्यों की सक्षम स्वीकृति के बाद निविदा आमंत्रण से लेकर वर्कआर्डर जारी करने जैसी सभी कार्यवाही जोन कमिश्नर द्वारा की जावेगी। 20 लाख से अधिक के सभी कार्यों की सक्षम स्वीकृति के बाद निविदा आमंत्रित कर अधीक्षण अभियंता द्वारा परीक्षण के बाद टेंडर समिति के माध्यम से अपर आयुक्त द्वारा निगम आयुक्त को प्रस्तुत किया जाएगा। जोन कमिश्नर द्वारा पूरे अमले का विभागवार वेतन पत्रक का संधारण कार्य किया जाएगा। जोन कमिश्नर को आदेशित किया गया है कि वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का प्रकरण तैयार कर निगम मुख्यालय में प्रभारी अधिकारी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन भेंजे। जोन कमिश्नर सभी प्रकार की प्राप्त राशि की ऑनलाइन डाटा एंट्री करेंगे, तभी संबंधित मद में खर्च कर सकेंगे। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने आदेश जारी अपर आयुक्त पंकज शर्मा को नगर निगम रायपुर में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के सभी स्वत्वों के भुगतान की स्वीकृति और भुगतान करने की शक्तियां व अधिकार प्रत्यायोजित कर दिया है।

## केंद्रीय कैबिनेट के सार्थक पीडीएस फेज-2 निर्णय का सीएम साय ने किया स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सार्थक-पीडीएस फेज-2 के लिए 25, 530 करोड़ रुपए की मंजूरी का स्वागत करते हुए इसे गरीब कल्याण, खाद्य



सुरक्षा और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, यह निर्णय सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को तकनीक आधारित, अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सार्थक-पीडीएस फेज-2 के माध्यम से एआई-इनेबल्ड लाभार्थी रजिस्ट्री, जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड टैगिंग, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और आधुनिक सप्लाई चेन प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं से राशन वितरण प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। इससे पात्र हितग्राहियों तक सस्ते अनाज और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचेगा।

## नवा रायपुर में बनेंगे संयुक्त शासकीय भवन, दौड़ेंगी 43 ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों और शहरी अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंत्रालय में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स और नवीन अधोसंरचना प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिससे आने वाले समय में नवा रायपुर और मुख्य शहर की तस्वीर बदलेगी।

महानदी भवन और इंद्रावती भवन स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के दूसरे और तीसरे तल पर आधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित लागत करीब 131 करोड़ 17 लाख रुपये है। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में एक विशाल संयुक्त शासकीय भवन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर 171 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत का अनुमान है।

### नवा रायपुर के लिए 43 आधुनिक ई-बसें

आम नागरिकों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 43 नई ई-बसें चलाई जाएंगी। इसमें 40 कप्लाएंट बैटरी ऑपरेटेड और 9 मोटर एसी ई-बसें शामिल होंगी। इस पूरे प्रोजेक्ट डिजाइन, सप्लाई, परिचालन और संधारण की लागत 223 करोड़ 4 लाख रुपये होगी। ये बसें नवा रायपुर आने-जाने वाले लोगों के लिए विभिन्न रूटों पर संचालित की जाएंगी।

# शहर का डॉन कौन... दो पक्षों में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल
- डीडीनगर थाने की पुलिस ने दर्ज किया अपराध

डीडी नगर थाना क्षेत्र में रिंग रोड नंबर-1 स्थित कुशालपुर के पास बुधवार तड़के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। स्कार्पियो सवार युवकों और एक्टिवा-बाइक सवार युवकों के बीच जमकर चाकू, फरसा, हाकी और लाठी-डंडे चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत अमलेश्वर स्थित बैली फार्महाउस में आयोजित जन्मदिन पार्टी से हुई थी। आशु तिवारी के जन्मदिन समारोह में 'शहर का डान कौन' को लेकर युवकों के बीच पहले आपस में बहस हुई, जो बाद में सड़क पर खूनी संघर्ष में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के युवक घायल हुए हैं। पुलिस ने एक्टिवा सवार लक्की पाहुजा, सचिन पोपटानी और दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं स्कार्पियो सवार मिहिर भंसाली, इमरान सहित अन्य लड़के एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल फरसा और कुछ गाड़ियां जब्त की हैं। फरार बदमाशों की पुलिस पतासाजी कर रही है।

# दृष्टिबाधित महिला का 108 एंबुलेंस में प्रसव इमरजेंसी ऐसी कि अस्पताल पहुंचना था मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

- बेमेतरा से आ रही प्रसूता की भी एंबुलेंस स्टॉफ ने कराई डिलीवरी
- एक एमसीएच, दूसरी आंबेडकर अस्पताल में भर्ती, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

महादेव घाट में रहने वाली दृष्टिबाधित महिला की बीच रास्ते प्रसव पीड़ा बढ़ गई। महिला ने गर्भावस्था के दौरान किसी तरह का उपचार नहीं लिया था, इसलिए प्रसव चुनौती से भरा था। वहां बेमेतरा से रायपुर लाई जा रही महिला की बीच रास्ते तबीयत बिगड़ी गई। दोनों केस में 108 संजीवनी एंबुलेंस के ईएमटी स्टाफ ने सूझबूझ का परिचय दिया और सुरक्षित प्रसव के बाद उन्हें एमसीएच कालीबाड़ी और आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया।

महादेव घाट क्षेत्र में रहने वाली 29 वर्षीय दृष्टिबाधित गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। कॉल पर उनकी मदद के लिए 108 एंबुलेंस 13 मिनट में उस तक पहुंची। महिला को अस्पताल



लाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। इमरजेंसी को देखते हुए एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी राजेश कुकरेजा सुनील मेश्राम एवं पायलट ने सूझबूझ, तत्परता और कुशलता का परिचय देते हुए प्रसव कराया। इसके बाद मां एवं नवजात को तत्काल कालीबाड़ी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं। महिला ने गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार का उपचार नहीं लिया था, इसलिए प्रसव चुनौती से भरा था। इसी तरह बेमेतरा आनंदगांव निवासी 24 वर्षीय महिला को गर्भावस्था संबंधी जटिलता होने पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भर्ती कराया गया था। स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल रेफर किया। 108 एम्बुलेंस के पायलट नीलमणि एवं ईएमटी कलावती गायकवाड़ तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचे और गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर रायपुर के लिए रवाना हुए। धरसीवां के समीप महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस स्टाफ में ही प्रसव कराया। सुरक्षित प्रसव के बाद महिला एवं नवजात शिशु को बेहतर देखभाल के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अवैध परिवहन करते तीन हाइवा जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा पूरे जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को ग्राम सरायपाली में खनिज जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण किया जांच के दौरान खनिज चूना पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 03 नग हाईवा सीजी 13 जेड. 2637 एवं ओडी 17 एई 8637 तथा सीजी 06 एचजी 0378 कमशः चालक संजीत कुमार निवासी जैतपुर तहसील बरमा जिला औरंगाबाद एवं दीपक सेन निवासी बागटुअरी तहसील सरायपाली जिला महासमुंद तथा वाहन चालक अज्ञात से 03 वाहनों को जप्त कर सरायपाली पुलिस थाना के अभिरक्षा में सुरक्षार्थ में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर लंगेह के निर्देशानुसार सभी खनिजों का परिवहन वैध अभिवहन पास से किया जाना है। किसी भी तरह के अवैध परिवहन भंडारण उत्खनन पाये जाने अवैध उत्खनन, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार कृत्य करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### खरोरा में मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्वतंत्रता सेनानी दामोदर वीर सावरकर की जयंती मनाई गई। वीर सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं थे, बल्कि वे प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, साहित्यकार, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता भी थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र की स्वतंत्रता और भारतीय समाज के जागरण के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी देशवासियों को प्रेरणा देती हैं। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, पारु चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### जनपद उपाध्यक्ष की दिखी तत्परता और बालिका को मिला जीवनदान

**महासमुंद।** मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पिथौरा के ग्राम लक्ष्मीपुर की 14 वर्षीय बालिका लीला पटेल की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल सीएमओ को निर्देशित कर रक्त की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। निरीक्षण के दौरान जब उन्हें जानकारी मिली कि बालिका का हीमोग्लोबिन स्तर गिरकर मात्र 3 ग्राम रह गया है, तो उन्होंने बिना समय गंवाए एक्शन लिया जिसके चलते बालिका को समय पर उपचार मिला।

### नाली पर बनाई बाउंड्रीवाल वार्डवासियों ने की शिकायत

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 में विद्युत पोल से लगे स्टेय वायर को हटाकर नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल निर्माण किए जाने को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत सुशासन तिहार के समाधान शिविर सहित विद्युत विभाग के सहायक अभियंता से करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 09 निवासी बजरंग अग्रवाल द्वारा मकान निर्माण कार्य के दौरान गली में स्थित विद्युत पोल के सहारे लगे स्टेय वायर को हटवा दिया गया। इसके बाद कथित रूप से नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर दिया गया। वार्डवासियों का आरोप है कि स्टेय वायर हटाए जाने के कारण विद्युत पोल एक ओर झुक गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पोल गिरने से जनहानि होने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी बाधित हो सकती है। डॉ. शशि डड़सेना सहित वार्डवासियों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# मछुआरा समाज करेगा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज के तत्वावधान में संभाग स्तरीय मछुआरा समाज के सामाजिक बंधुओं में सामाजिक एकता, समरसता, अखंडता एवं पारस्परिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान, कैरियर मार्गदर्शन एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 31 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित जिला पंचायत के पास न्यू ऑडिटोरियम भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्राइमरी, मिडिल स्कूल, हाईस्कूल, हायर सेकंडरी, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी एवं व्यवसायिक परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थियों को अनुभवी एवं उच्च शिक्षित काउंसलरों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग भी दी जाएगी। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वरूप प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 1000, 700 एवं 500 रुपये दिए जाएंगे। वहीं हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को क्रमशः 3100, 2100, 1100, 1000 एवं 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

## कैरियर मार्गदर्शन और रक्तदान शिविर 31 मई को

### पंजीयन के लिए आधार कार्ड व अंकसूची अनिवार्य

आयोजकों ने बताया कि प्रतिभागी विद्यार्थियों को पंजीयन के दौरान आधार कार्ड एवं अंकसूची की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग प्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार का आयोजन विगत पांच वर्षों से लगातार किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाता रहा है।

### कई जनप्रतिनिधि करेंगे शिरकत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछुआरा कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त लखन लाल धीवर होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय मछुआरा संघ गायत्री गायग्वाल, देवव्रत आदित्य, प्रदीप कैवर्त्य, राजेंद्र धीवर, धनीराम धीवर, सत्यलता आनंद मिरी, अंबेश जांगड़े, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पांडे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार साहू एवं अखिलेश भीष्म सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख शामिल होंगे।

### विशेषज्ञ काउंसलर विद्यार्थियों को देंगे कैरियर मार्गदर्शन

वहीं कैरियर काउंसलर के रूप में महेश कुमार धीवर, गोपाल कैवर्त्य, नवीन आदित्य, राकेश कुमार कैवर्त्य, उर्मिला धीवर, सूर्यकांत धीवर, सचिन जलतारे, लकेश धीवर, राजकुमार जलतारे, लखेश्वर कहरा, सनत कुमार केवट, रमेशचंद केवट एवं पत्रकार गोलू (राजीव) कैवर्त्य विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। व्यावसायिक मत्स्य प्रशिक्षण राहुल जलतारे द्वारा प्रदान किया जाएगा।

**आक्रोश : वनवासी कहने पर भड़का समाज, जताया आक्रोश**

# केंद्रीय गृहमंत्री के बयान का विरोध, आदिवासी कांग्रेस ने पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आदिवासी समाज को वनवासी कहे जाने के विरोध में आदिवासी कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस डॉ. विशाल ध्रुव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में पुतला दहन कर नाराजगी जताई।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पहचान, संस्कृति और परंपरा है, जिसे किसी दूसरे नाम से संबोधित करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बयान से आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध करते हुए देश के गृह मंत्री अमित शाह को अपने बयान वापस लेने और आदिवासी समाज से माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से शैलेश नितिन त्रिवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, गोल्डी मारिया, सूर्या वर्मा, विकास पैकरा जिला महामंत्री निरेन्द्र पैकरा मीडिया प्रभारी, निलकंठ ध्रुव, नेमिचंद पैकरा जिला सचिव, रमेश वैष्णव, अशोक पटेल, विकास पैकरा, बागेश्था वर्मा, सूर्या यादव, शिव चौहान, नरेश ध्रुव, मोहन नेतराम ध्रुव, बरातू ध्रुव, रुद्रशंकर कैवर्त्य सहित आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# भारत स्काउट - गाइड टीम ने कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में दी जानकारी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में पदाधिकारियों ने बुधवार को कुलदीप शर्मा से मुलाकात की। स्कार्फ लगाकर कलेक्टर का सम्मान किया गया, तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों द्वारा बुके भेंट की गई।

भारत स्काउटस एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जाने वाले तारुण्य वार्ता पर खुलकर चर्चा अभियान, जिला स्तर पर किये जा रहे कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, विभिन्न स्थलों पर प्रचार आदि के विषय में विस्तार से बताया गया। कलेक्टर ने इस विषय को गांव -गांव, घर-घर तक जागरूक करने के लिए टीम की प्रशंसा की। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, राज्य मुख्यालय आयुक्त द्वय खोडस राम कश्यप, डॉ. जगदीश हीरा साहू, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, सदस्य नरेश केशरवानी, मानकचन्द वर्मा जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनीकला पाटकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गबन के मामले में बम्हनी उपार्जन केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर

**महासमुंद/बसना।** धान और कृषक उन्नति योजना की राशि के गबन के मामले में बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बम्हनी उपार्जन केंद्र प्रभारी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच के बाद आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

बसना थाने में की गई शिकायत में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा पिरदा के शाखा प्रबंधक उसत कुमार प्रधान ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आरंगी पं.क. 1209 के धान उपार्जन केंद्र बम्हनी में 16.05.2026 को कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला महासमुंद के आदेश के परिपालन में जांच दल गठित किया गया। जिसमें शामिल मोहित कुमार अमिला तहसीलदार पिथौरा, दिव्यांशु देवांगन खाद्य निरीक्षक पिथौरा, उसत कुमार प्रधान शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पिरदा, बेनीराम जगत एवं लखन डड़सेना धान संग्रहण केंद्र पिथौरा के कर्मचारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि भौतिक सत्यापन में उपार्जन केंद्र बम्हनी में कुल 40464.00 क्विं धान खरीदी की गई जिसमें से 36088.80 क्विं. धान उठाव हो चुका है। सरना धान की शेष मात्रा 20.80 क्विं. एवं मोटा धान की शेष मात्रा 4354.4 क्विं कुल 4375.20 क्विंटल (10938 कट्टा) उपार्जन केंद्र में उपलब्ध होना चाहिए। भौतिक सत्यापन में सरना धान 20.80 (52 कट्टा) एवं मोटा धान 612.40 (1531 कट्टा) पाया गया। भौतिक सत्यापन में सरना धान का स्कंध सही पाया गया एवं मोटा धान व कुल धान 4354.40-612.40 यानी 3742 क्विंटल (9355) कट्टा कम पाया गया जिसका समर्थन मूल्य 8864798 रुपए एवं कृषक उन्नति योजना राशि 2735402 रुपए कुल राशि 1,16,00,200 रुपए कम होना पाया गया। वहीं मानक बारदाना नया 1381 नग एवं पुराना खाली बारदाना 15510 नग व कुल बारदाना 16891 नग उपलब्ध होना चाहिए।

# जिले में भीषण गर्मी से ट्रांसफार्मर ओवरलोड अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मई के महीने में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और उमस ने जिले के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण बिजली की मांग अपने चरम पर पहुंच गई है। अत्यधिक बिजली लोड बढ़ने की वजह से स्थानीय स्तर पर लगे ट्रांसफार्मर और फीडर ओवरलोड होकर ट्रिप हो रहे हैं। इस तकनीकी संकट से निपटने और उपकरणों को जलने से बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक बेहद परेशान हैं।

जिले के पिथौरा, बसना, सरायपाली और बागबाहरा समेत ग्रामीण अंचलों में दिन के साथ-साथ रात के समय भी बिजली गुल होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। रात के वक्त जब तापमान और नमी बढ़ने से लोग घरों में कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर (एसी) चालू करते हैं, तब ग्रिड पर अचानक लोड कई गुना बढ़ जाता है। ओवरलोडिंग के कारण बार-बार फ्यूज उड़ने और लो-वोल्टेज की समस्या सामने आ रही है। सुरक्षा के लिहाज से फीडरों को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ रहा है, जिसके कारण पीक आवर्स शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक बार-बार बत्ती गुल हो रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रिपिंग से बढ़ी परेशानी

शहरों की तुलना में जिले के ग्रामीण इलाकों में स्थिति ज्यादा गंभीर है। गांवों में हर आधे से एक घंटे में बिजली बंद होने की शिकायतें मिल रही हैं। बार-बार हो रही इस ट्रिपिंग और अघोषित कटौती की वजह से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही कटौती के कारण कई गांवों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि पानी के पंप चलाने के लिए पर्याप्त और निरंतर बिजली नहीं मिल पा रही है।

### खेती-किसानी और व्यापार पर भी असर

बिजली की इस आंख-मिचौली का सीधा असर स्थानीय छोटे व्यवसायों और कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। लो-वोल्टेज के कारण जहां घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आरा मिलें, वेल्डिंग दुकानें और अन्य छोटे उद्योग ठप पड़े हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद रहने से उनकी दैनिक दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। भीषण उमस भरी रातों में बिजली चले जाने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता में गहरा रोष व्याप्त है।

**कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने मारा छापा, पर्यावरण नियम तोड़ने पर तीन खदानों को नोटिस**

# धनसुली में अवैध खनन पर कार्रवाई, दो क्रेशर सील, 3 को नियमों के विरुद्ध खनन पर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर जिले के ग्राम धनसुली में संचालित क्रेशर खदानों पर खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को छापा मारा। इस दौरान दो क्रेशर अवैध रूप से संचालित मिले। इन दोनों क्रेशर को सील करने की कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने तीन क्रेशर संचालकों को नोटिस भी जारी किया है। इन तीनों क्रेशर में पर्यावरण, खनिज नियमों के विरुद्ध खनन तथा खान सुरक्षा अधिनियम की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है।

खनिज विभाग रायपुर के उप संचालक राजेश मालवे ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि धनसुली में कुछ क्रेशर अवैध रूप से चल रही है। इस शिकायत के आधार पर उन्होंने जिला सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में टीम को भेजा। टीम ने जांच के दौरान मेसर्स महामाया मिनरल्स के पार्टनर भूपेंद्र बंसल तथा सन्नी अरोरा की खदान और क्रेशर में बिना रॉयल्टी पर्ची के खनिज का उत्खनन और भंडारण किया जा रहा था। यह काम नियमों के खिलाफ था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों क्रेशरों को सील कर अवैध काम को बंद कराया। इसके साथ ही बस्ती के आसपास स्थित आमिर अली खदान, महामाया मिनरल्स एवं सतिंदर कौर की खदान को नोटिस जारी किया गया है। इन तीनों को पर्यावरण नियम, खनिज नियम तथा खान सुरक्षा अधिनियम की शर्तों के अनुसार ही खनन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि धनसुली में क्रेशर की कई ऐसी खदानें हैं, जहां पर्यावरण, खनिज विभाग के नियमों के विरुद्ध खनन, भंडारण का कार्य किया जा रहा है।

# मेहर समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड के समीपस्थ आदर्श ग्राम पंचायत छरछेद में गुरुवार को मेहर समाज के लिए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन सरपंच व मानिकपुरी पैनका समाज के प्रदेश अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी द्वारा किया गया। मेहर समाज के बहुप्रतीक्षित मांग अनुसार जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव के निधि द्वारा स्वीकृत यह भवन का निर्माण होगा।

ब्लॉक अध्यक्ष दिलहरण मिरी ने कहा कि भवन का निर्माण होने से समाज में जागरूकता, एकजुटता, शिक्षा और अनेक सामाजिक विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस भवन निर्माण के लिए मैं अपनी और अपने समाज की ओर से सरपंच भरतदास मानिकपुरी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आत्मीय आभार व्यक्त करता हूं।

इस भूमिपूजन अवसर पर सरपंच भरतदास मानिकपुरी, उपसरपंच धनंजय साहू, रोजगार सहायक शिवकरण घृतलहरे, पंचगण पंचराम कैवर्त, प्रेम सागर भट्ट, मेहर समाज संरक्षक रामकुमार रात्रे, ब्लॉक अध्यक्ष दिलहरण मिरी, रामगोपाल मिरी, उपाध्यक्ष जीवन लाल रात्रे, शील कंठ मिरी, गिरिचंद सोनवानी, बुधराम मिरी, करमू बंजारे, शिवदत्त नवरंगे, मनमोहन मिरी, लोचन मिरी, मीडिया प्रभारी सुरेश मिरी, जगबंधु मिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र.....ब/121/2026, ग्राम मोहरा, प.ह.नं. 42**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया गया आवेदक दानी सुलेमान पिता मंगल सुलेमान मों.न. 6268495212 जाति सतनामी निवासी व ग्राम मोहरा प.ह.न. 42 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक की माता फुलवा पति मंगल का मृत्यु दिनांक 01/01/2007 को स्थान मोहरा मे हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत मोहरा मे मृत्यु पंजीयन दर्ज नही करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक की माता फुलवा पति मंगल का मृत्यु दिनांक 01/01/2007 का मृत्यु पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 29.05.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.05.2026. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार सुहेला

## पेज 9 के शेष

### लूट के आरोप ...

लेकर वापस लौट रहा था, तभी गुडी चौक के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी आजाद सिंह कंवर और उसके साथ मौजूद एक अपचारी बालक ने दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उन पर चाकू अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन एक एप्पल आईफोन सहित 2 मोबाइल और जेब में रखे 3,500 नगद लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी अपनी लाल रंग की पल्सर बाइक से हवा में चाकू लहराते हुए फरार हो गए।

शादी वाले घर और गांव में सनसनी फैलाने वाली इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए बलोदाबाजार पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देश पर चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

### शहर में चोरों...

अम्बे ज्वेलर्स, गुरु चरण ज्वैलर्स, बालाजी ज्वैलर्स, महावीर ज्वैलर्स, सूरज सोनी, महालक्ष्मी ज्वेलर्स, विनायक ज्वेलर्स, रिखराज ज्वेलर्स, साधना ज्वेलर्स सहित सभी सर्राफा व्यवसाईयों द्वारा आवेदन दिया गया है।

### नगर पंचायत का...

की दुकान या ठेला लगाने की अनुमति नहीं होगी। नगर पंचायत ने व्यवसायियों के रोजगार को ध्यान में रखते हुए उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की है। सभी चौपाटी और फल दुकान संचालकों को रायपुर रोड स्थित छात्रावास के सामने निर्धारित नए स्थान पर अपनी दुकानें स्थानांतरित करने को कहा गया है। नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओम प्रकाश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक सहित मुख्य मार्ग के अन्य स्थायी दुकानदारों को भी सख्त चेतावनी जारी की है।

उन्होंने सभी व्यापारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क या फुटपाथ पर न निकालें। साथ ही दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और कचरे का उचित निपटान करने की हिदायत दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

**आदेश का पालन कड़ाई से होगाः** चौपाटी को रायपुर रोड पर स्थानांतरित करने से ग्राहकों को भी एक सुव्यवस्थित जगह मिलेगी और शहर की सौंदर्यता में भी वृद्धि होगी। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम गधाभांठा में कमल साव नाम का व्यक्ति गांव से बाहर नाले के पास भारी मात्रा में महुआ शराब रख कर बिक्री कर रहा है। मौक पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी कमल साव पिता दीनबंधु साव के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपएको बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महुआ शराब जब्त महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने दलदली रोड नयापारा में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी सावित्री बाई पाटिल पति विजय पाटिल (35 साल) निवासी वार्ड नं 11 नयापारा दलदली रोड महासमुंद के कब्जे से कुल 11 लीटर महुआ शराब कीमत 2200 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई

### पुजारी के घर में तोड़फोड़

**महासमुंद।** पुजारी के घर में तोड़फोड़ के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पुजारी सुरेंद्र दास पालक पिता स्व. राम महेश (महेश) दास महाराज ने बताया कि वह श्री हनुमान मंदिर पुराना आईटीआई के पास वार्ड नं 13 महासमुंद का निवासी है। 04.05.26 की सुबह लगभग 10.15 बजे वह अपने घर में था। उसी समय आरोपी व उसका पूर्व किरायेदार गोविंद उर्फ टेटू घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 324 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## निधन

### कार्तिक राम शर्मा



**भाटापारा।** शंकर वार्ड के वरिष्ठ नागरिक कार्तिक राम शर्मा 97 वर्ष का 28 मई को निधन हो गया। वे रमेश, नरेश, सुरेश, महेश एवं योगेश शर्मा के पिताजी एवं दुर्गेश, अस्मित एवं मृदुल के दादा थे। साथ ही ऋषिकेश ब्रह्मचारी जी के दादाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा 29 मई को सुबह 10.30 बजे मुक्तिधाम रामसागर पारा के लिए निकाली जाएगी।

### सीमा केसरवानी



**बलौदाबाजार।** शहर के नेहरू चौक निवासी सीमा केसरवानी 55 वर्ष का 27 मई बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन से परिवार एवं सामाजिकजनों में शोक व्याप्त है। वे राजेश केसरवानी की पत्नी व स्व. मूलशंकर केसरवानी एवं कस्तूरी बाई केसरवानी की बहू, प्रखर केसरवानी एवं प्रगति केसरवानी की माताजी तथा संजय केसरवानी व मुकेश केसरवानी की भाभी थीं।

**आयोजन : शिविर में हितग्राहियों को बांटी गई आवश्यक सामग्री**

# सुशासन तिहार में जनता के बीच पहुंचे शिवरतन शर्मा, समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोडतरा में आयोजित समाधान शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, अन्य विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो क़ो सामग्री, चेक एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहा सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा विधानसभा में सड़कों, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई बड़े विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना और पीएम जनमन योजना जैसी योजनाओं से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनसेवा और पारदर्शी प्रशासन ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है तथा सुशासन तिहार इसी संकल्प को मजबूत करने का अभियान है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता दिवस पर संयंत्र में जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक हिरमी संयंत्र एमएमसीएसआर द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में संयंत्र हॉस्पिटल की डॉ. रुचिका सुखवाल ने किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छ आदतों, संतुलित आहार, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही सेनेटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग एवं उचित निस्तारण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में सीएचओ सृष्टि टिकरिहा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए संचालित कैंसर प्रतिरोधक टीकाकरण की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में निकटवर्ती ग्रामों की महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में अल्ट्राटेक सीएसआर से वैभव त्रिपाठी प्रबंधक सीएसआर, तारनी राजपूत, सविता वर्मा, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, उमाशंकर धीवर एवं हेमलाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

# प्रमुख सचिव और जनगणना निदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक

**बलौदाबाजार।** प्रमुख सचिव गृह निहारिका बारीक सिंह और जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल ने गुरुवार को कलेक्टर एवं चार्ज अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक लेकर जनगणना 2026 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचिकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने तय समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर प्रगणक सहित सभी अधिकारियो की सराहना करते हुए गणना डाटा में जो भी विसंगति है, उसे 29 मई तक सुधार कर अपडेट करने के निर्देश दिये।जनगणना के प्रथम चरण में प्रगणकों द्वारा संकलित डाटा में विसंगतियों के संबंध में बिंदुवार स्पष्टीकरण एवं उसमें सुधार के उपाय की जानकारी देते हुए पोर्टल में समय पर अपडेट करने के निर्देश दिये गए। डाटा सुधार के साथ ही एचएलबी नक्शा निर्माण का कार्य 2 जून तक पूरा करने कहा गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी चार्ज अधिकारियो को निर्देशित किया कि राज्य कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आंकड़ों में जो भी विसंगति है, उसे संशोधित कर तय समय पर पोर्टल में अपडेट करायें।

■ संकलित डाटा में विसंगतियों का शीघ्र सुधार के निर्देश

जनगणना 2026 अंतर्गत 1 मई से शुरू हुए मकान सूचीकरण व गणना कार्य हेतु जिले में 1861 प्रगणक 309 सुपरवाइजर एवं गणना 1978 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। जिले में मकान सूचीकरण का कार्य तय समय से पूर्व ही पूरा कर लिया गया है।

## गर्मी से राहत पाने मध्यम परिवार के लिए कूलर बना सहारा

**हिरमी रावन।** भीषण गर्मी का असर अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में साफ नजर आने लगा है। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच लोग कूलर और पंखों के सहारे राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच एक युवा का सिर पर बड़ा कूलर उठाकर ले जाते दृश्य ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यह तस्वीर बिना शब्दों के ही इलाके में पड़ रही भीषण गर्मी की कहानी बयां कर रही है। क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान से दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं, वहीं शाम होते ही लोग गर्मी से राहत की उम्मीद में बाजार पहुंच रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना जताई जा रही है, लेकिन अब तक लोगों को तेज गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कूलर, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की मांग भी बढ़ गई है।









# शहर कांग्रेस ने समस्याओं को लेकर सीएमओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर नगर में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

बैठक के दौरान रामसागर तालाब में चल रही खुदाई कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हुई नालियों एवं सड़कों की मरम्मत का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रवीण सेन ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त पिपरा तालाब क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को भी जल्द प्रारंभ कराने की बात कही गई।

प्रवीण सेन ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द ही लंबित पेंशन राशि एवं आवास योजना की किस्तों का भुगतान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर पार्षद रविंद्र नामदेव, पार्षद सुरेश हिट लहरी, पार्षद गोविंद पात्रे, अजय भारती पूर्व पार्षद, तिलक कनोजे सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की समस्याओं और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है तथा आगे भी जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

### शीघ्र निराकरण की मांग

इस दौरान उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लंबित भुगतान को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीब, बुजुर्ग, विधवा एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए तथा किसी भी पात्र हितग्राही को परेशान नहीं होना चाहिए।

### हितग्राहियों को जल्द राहत देने की मांग

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रुकी हुई किस्तों एवं जारी की गई किस्तों की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों की लंबित पेंशन राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी हुई किस्तों का भुगतान तत्काल किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# पलारी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद



**पलारी।** नगर में गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया, जहां सुबह लगभग 8 बजे स्थानीय कब्रिस्तान में स्थित ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज मौलाना मुस्तकीम रजा ने पढ़ाई। नमाज के बाद कब्रिस्तान में अपने बुजुर्गों को याद कर अल्लाह ताला से उनके हक में दुआ मांगी गई। एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। मुस्लिम जमात के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसी प्रकार से विकास खण्ड के ग्राम सोनार देवरी में भी ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। सभी समाज के लोगों ने ईद की बधाई दी। पुलिस प्रशासन का भी सहयोग सराहनीय रहा।

